वर्ष- 3 , अंक- 18
छपरा
7 दिसंबर रविवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## चुनाव आयोग ने केरल एसआईआर की तारीख में संशोधन किया

### अब 23 दिसंबर को आएगा मतदाता सूची का ड्राफ्ट




**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को स्थानीय निकाय चुनाव के मद्दे नजर केरल के लिए मतदाता सूचियों को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को एक सप्ताह तक बढ़ाने का फैसला किया है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव 9 और 11 दिसंबर को दो चरण में होने हैं।

**अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया** :आयोग ने यह आदेश उच्चतम न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद दिया है, जिसमें गणना प्रपत्र और अन्य प्रक्रियाओं को जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जो मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का हिस्सा है।

**23 दिसंबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन** :संशोधित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर के बजाय 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी के बजाय अब 21 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची का ड्राफ्ट 23 दिसंबर को जारी होगा आपत्तियां और क्लेम के लिए 22 जनवरी तक का समय होगा।

## रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी,पूर्व जजों-वकीलों ने आपत्ति जताई

### CJI सूर्यकांत को लेटर लिखा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे। इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है।

## म.प्र. : कूनो में चीता वीरा के शावक की मौत

### एक दिन पहले ही सीएम ने खुले जंगल में छोड़ा था



**श्योपुर,एजेंसी।** कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता वीरा के 10 महीने के शावक का शव मिला है। इसे वीरा और दूसरे शावक के साथ एक दिन पहले गुरुवार को ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो के पारोंद क्षेत्र में खुले जंगल में रिलीज किया था। गुरुवार देर रात ही ये शावक अपनी मां से अलग हो गया था। शुक्रवार को इसकी खोज की गई। दोपहर बाद पारोंद के जंगल में शव मिला।



### बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी की नींव रखी

# मौलवियों के साथ फीता काटा; 2 लाख से ज्यादा लोग मस्जिद के लिए ईंट लेकर पहुंचे

**मुर्शिदाबाद/ कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की।

इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। TMC ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

**हुमायूं कबीर बोले- मस्जिद निर्माण रोकने की साजिशें रची गई :** कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं। लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे।




### हाईकोर्ट ने मस्जिद निर्माण पर रोक से इनकार किया था

कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था। कोर्ट ने कहा- कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हुमायूं कबीर ने मस्जिद की नींव रखी।

**सऊदी से धार्मिक नेता पहुंचे, 150 फीट लंबा स्टेज तैयार हुआ :** बारी मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम में सऊदी अरब से धार्मिक नेता पहुंचे थे। 25 बीघा जमीन पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हुमायूं कबीर ने पहले ही 3 लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का अनुमान जताया था। कार्यक्रम के लिए 150 फीट लंबा और 80 फीट चौड़ा स्टेज तैयार किया गया था। स्टेज पर 400 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए 60 हजार से ज्यादा बिरयानी पैकेट तैयार कराए गए थे। 2 हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स ने व्यवस्था को संभाला।


### सरकार का निर्देश

# इंडिगो बिना देरी पैसेंजर्स को रिफंड दे,48 घंटे में सामान लौटाए

### दूसरी एयरलाइंस किराया न बढ़ाएं; 400+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइन के संकट मामले में केंद्र सरकार ने चार दिन बाद शनिवार को सख्ती दिखाई। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री (MoCA) ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह कल रविवार रात 8 बजे तक सभी पेंडिंग पैसेंजर रिफंड वापस करे।

पैसेंजर के लगेज भी 48 घंटे में लौटाए। इसके अलावा, सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा ना लें। अगर निर्देशों को नहीं माना गया तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा। शनिवार को भी कई देश के कई एयरपोर्ट्स से लोगों ने टिकट रिफंड और सामान ना मिलने की शिकायतें आई। मुंबई एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स को चार दिन से लगेज ना मिलने से स्टाफ से झगड़ते दिखे। उधर, इंडिगो के ऑपरेशन में लगातार 5वें दिन शनिवार को सुधार नहीं दिख रहा है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक देश के 4 बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत कई शहरों से इंडिगो की 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की जा चुकी हैं। पिछले 4 दिन में 2,000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। रोजाना एवरेज 500 फ्लाइट लेट हो रही हैं।




### DGCA के वे नए नियम, जिससे इंडिगो में स्टाफ की कमी हुई

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और बाकी क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं, 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण इंडिगो के पास पायलट-क्रू मेंबर्स की कमी हो गई है।

# सोनिया बोलीं- सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है,उन्हें गलत तरीके से पेश किया जा रहा

### बीजेपी बोली- अनुच्छेद 370 नेहरू की गलती

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (CPP) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी शुक्रवार को दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया ने कहा- इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया ने कहा- इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी। लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है।



### राहुल गांधी भारतीय राजनीति के भस्मासुर- गौरव भाटिया




सोनिया गांधी के बयान के बाद बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का भस्मासुर कहा। उन्होंने कहा कि नेहरू की गलतियों को मोदी सरकार ने ठीक किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं तो ये किस तरह की लेगेसी है। हिंदी चीनी भाई भाई का नारा नेहरू ने दिया था लेकिन नेहरू ने ह सिक्योरिटी काउंसिल की सीट चीन को दी थी। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को जब सरकार बुलाती है तो वो नहीं पहुंचते हैं। वे 15 अगस्त को लाल किले पर नहीं आए।

### पाकिस्तान की महिला ने पीएम मोदी से मांगी मदद

# पति को डिपोर्ट करने की मांग, कहा- उसने भारत में सगाई कर ली

**इंदौर,एजेंसी।** पाकिस्तान की एक महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय की गुहार लगाई है। निकिता नागदेव ने शुक्रवार को पाकिस्तान से वीडियो जारी किया। कहा कि अगर मुझे सरकार से न्याय नहीं मिला तो कोर्ट की शरण लूंगीनिकिता का कहना है कि उसकी शादी 26 जनवरी 2020 को पाकिस्तान में ही हिंदू रीति-रिवाज से विक्रम नागदेव से हुई थी। एक महीने बाद 26 फरवरी 2020 को विक्रम मुझे भारत ले आया। वीजा में तकनीकी प्रॉब्लम बताते हुए 9 जुलाई 2020 को अटारी बार्डर से मुझे वापस कराची भेज दिया। तब से उसने कभी मुझे वापस भारत लाने की कोशिश नहीं की। मैं बार-बार उसे भारत बुलाने को कहती रही।



**निकिता बोली- इंसाफ के लिए मेरे साथ खड़े रहें :**कराची से जारी वीडियो में निकिता नागदेव ने कहा कि यदि आज मेरे साथ इंसाफ नहीं हुआ तो शादीशुदा महिलाओं का न्याय से विश्वास उठ जाएगा।

### ससुराल आई तो पता चला पति का अफेयर चल रहा

निकिता ने कहा- शादी के एक माह बाद पाकिस्तान से भारत ससुराल आई तो कुछ ही दिनों में मेरे ससुराल वालों का बर्ताव ही बदल गया। मुझे यह भी पता चला कि मेरे पति का मेरी ही एक रिश्तेदार से अफेयर है। मैंने जब यह बात अपने ससुर को बताई तो उन्होंने कहा कि बेटा लड़कों के तो अफेयर होते हैं। कुछ नहीं कर सकते।

# बीस साल बाद गुरु से मिले अमित शाह, वयोवृद्ध की आंखों में आए खुशी के आंसू; पुराने दिनों को याद कर हुए भावुक

**गांधीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुजरात के तीन दिनों के दौरे पर शुक्रवार को गांधीनगर पहुंचे थे, जहां उन्होंने शहर को 68 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्टों की सौगात दी। व्यस्त कार्यक्रम के बीच वे अचानक अपने पूर्व शिक्षक जीवनभाई डाह्याभाई पटेल (माणसा में जे.डी सी पी. पटेल के नाम से प्रसिद्ध) के घर पहुंच गए।

अमित शाह ने 89 वर्षीय अपने गुरु के गायत्रीनगर स्थित घर जाकर उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। घर में प्रवेश करने से पहले उन्होंने अपने जूते भी बाहर उतार दिए। अपने गुरु और उनके परिवार के साथ उन्होंने आधे घंटे से अधिक समय बिताया और पुराने दिनों की यादें ताज़ा कीं। जीवनभाई पटेल ने बताया कि अमित शाह उनसे लगभग 20-21 साल बाद मिले। उन्होंने कहा कि अमित भाई ने बचपन के दिनों की बातें याद दिलाई और माणसा में हुए विकास, खासकर मलाव तालाब देखने का आग्रह किया।





जीवनभाई पटेल ने बताया कि उन्होंने अमित शाह को पहली से सातवीं कक्षा तक पढ़ाया था। उन्होंने पुराने जमाने की शिक्षा पद्धति याद करते हुए कहा- पहले के शिक्षक पैसों का मोह नहीं रखते थे, वे बच्चों को होशियार बनाने के लिए पूरे मन से पढ़ाते थे।

# शशि थरूर ने मैरिटल रेप को अपराध बनाने को कहा

### लोकसभा में तीन प्राइवेट बिल पेश किए, दो अन्य बिल राज्यों के पुनर्गठन और कामकाजी लोगो से जुड़े

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तीन प्राइवेट मेंबर बिल पेश किए। एक बिल में मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की मांग की गई है। वहीं दो अन्य बिल राज्यों के पुनर्गठन, कामकाजी लोगों के काम के घंटे और मानसिक सेहत से जुड़ा है। थरूर ने मैरिटल रेप को लेकर कहा कि शादी किसी भी तरह हिंसा का लाइसेंस नहीं है। पत्नी की सहमति हर स्थिति में जरूरी है।

**जबरन सेक्स हिंसा है, चाहे रिश्ता पति-पत्नी का ही क्यों न हो:** थरूर ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की उस धारा को हटाने की मांग की है, जिसमें यह अपवाद है कि यदि पत्नी 18 साल से ऊपर है तो पति का बिना सहमति सेक्स करना अपराध नहीं माना जाएगा। थरूर ने इसे पुरानी और पितृ सत्तात्मक सोच बताते हुए कहा कि यह कानून शादीशुदा महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करता है।शशि थरूर ने X पर लिखा नहीं का मतलब नहीं ही होता है। शादी किसी महिला की आजादी या उसकी नहीं सुरक्षा छीन सकती। जबरन यौन संबंध हिंसा है, चाहे रिश्ता कोई भी हो। सहमति किसी महिला के कपड़ों, उसके पेशे, जाति, या पिछली किसी भी बात के आधार पर मान लेना न सिर्फ गलत है, बल्कि उसके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन भी है।

**काम के घंटे तय हों:** थरूर का तीसरा बिल कामकाजी लोगों की बढ़ती थकान और तनाव पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि देश में आधे से ज्यादा कर्मचारी हफ्ते में 49 घंटे से अधिक काम करते हैं, और ज्यादातर युवा प्रोफेशनल्स मानसिक थकावट और अत्यधिक काम का दबाव का सामना कर रहे हैं।



### राज्यों के पुनर्गठन पर आयोग बने

थरूर ने दूसरा बिल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के गठन और पुनर्गठन के लिए स्थायी आयोग बनाने को लेकर पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में नए राज्यों की मांगें और सीमाओं के विवाद समय-समय पर उठते रहते हैं। इसलिए फैसले किसी राजनीतिक दबाव से नहीं, बल्कि डेटा, जनसंख्या, प्रशासनिक क्षमता, सांस्कृतिक पहचान और स्थानीय लोगों की इच्छा जैसे मानकों के आधार पर होने चाहिए। यह आयोग इन पहलुओं पर अध्ययन करके सरकार को सुझाव देगा ताकि भविष्य में ऐसे फैसले ज्यादा पारदर्शी और टिकाऊ हो सकें।

# भारत-यूएस के व्यापार समझौते पर शुरू होगी बातचीत, जल्द दिल्ली आएगा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर 10 दिसंबर से बातचीत शुरू होगी। यह बातचीत तीन दिन चलेगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए इस बातचीत को अहम माना जा रहा है। दोनों पक्षों की बातचीत 12 दिसंबर तक चलेगी और अभी यह बातचीत का औपचारिक राउंड नहीं है।अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए दिल्ली आएगा और उसका नेतृत्व अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर करेंगे।

**इस साल ही व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने की उम्मीद :**अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए यह दूसरा भारत दौरा होगा। इससे पहले 16 सितंबर को अमेरिकी अधिकारियों ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद 22 सितंबर को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक दल अमेरिका गया था। इससे पहले मई में भी पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर थे। हाल ही में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि अमेरिका के साथ इस साल ही व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बन जाएगी।



## सांसद सिग्रीवाल ने लोकसभा मे अतिवृष्टि से किसानों के हुए व्यापक नुकसान का मुद्दा लोकसभा में उठाया नुकसान का आकलन के लिए केन्द्रीय टीम भेजने की मांग की



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लोकसभा में नियम-377 के तहत किसानों को बड़े पैमाने पर हुए नुकसान की ओर ध्यान दिलाते हुए उनके लिए राहत की मांग की। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण विगत महीनों में मानसून काल समाप्त होने के बाद भी, बिहार विशेषकर सारण प्रमंडल, जिसमे मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज भी आता है, जिसमे लगातर कई दिनों तक हुई भारी जलवृष्टि से किसानों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। जिसकी ओर सरकार का ध्यान इस विषय पर दिलाना चाहता हूँ द्यउन्होनें कहा कि बिहार राज्य में लगभग 56.03 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है द्य इसमें लगभग 05 लाख हेक्टेयर में सारण प्रमंडल के किसान अपना खेती-बाड़ी करते हैं द्य भारी जलवृष्टि से किसानों का खरीफ का फसल लगभग पूर्ण रूप से बर्बाद हो गया है और रबी फसल की बोआई भी बड़े स्तर पर प्रभावित हो रही है द्य ऐसे में किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है द्य किसानों के लिए धन का श्रोत एक मात्र कृषि ही हैं द्य अंत में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया कि केन्द्र के स्तर से एक टीम भेजकर अति जलवृष्टि से मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज सहित बिहार के किसानों को हुए भारी क्षति/नुकसान का आकलन कराया जाये और प्रभावित किसानों को आपदा के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाय।

## महिलाओं के सम्मान के बिना दुरुस्त नहीं हो सकती सामाजिक व्यवस्था : कुलपति

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** महिलाओं के सम्मान को सामाजिक व्यवस्था की आधारशिला बताते हुए जेपी विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति परमेन्द्र वाजपेयी ने कहा कि जब तक प्राचीन सोच को बदलकर महिलाओं को वास्तविक सम्मान नहीं दिया जाएगा, समाज दुरुस्त नहीं हो सकता। वे मांझी प्रखंड के बरेजा उच्च विद्यालय के नामकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि केवल अधिकार दिला देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं को उचित सम्मान दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। समारोह में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अंशुमान ने कहा कि वर्ष 1936 से अब तक महिलाओं के अधिकारों को पांच बार पुनर्परिभाषित किया गया है। अब पुत्र और पुत्री दोनों के अधिकार समान कर दिए गए हैं और बेटा-बेटी के अधिकारों में कोई अंतर नहीं रह गया है। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय के भूमिदाता भूपेंद्र तिवारी उर्फ बबन बाबू की प्रतिमा का अनावरण किया। नए नामकरण के बाद संस्थान अब भूपेंद्र सुरेंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

मौके पर विद्यालय के नवमनोनीत सचिव के पुत्र ज्ञानदेव तिवारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण डॉ. प्रमोद तिवारी ने दिया। समारोह को सारण के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजय कुमार, मुखिया राजेश पांडेय, सरपंच विजय शंकर मिश्रा, पूर्व प्रधानाध्यापक बलराम पांडेय, डॉ. काली शंकर तिवारी, डॉ. अभिषेक तिवारी, प्रधानाध्यापक मकसूद आलम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रतिमा सिंह ने किया।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की छः खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सोलह सदस्यीय बिहार टीम में शामिल



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सीवान)।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित बाबू के डी सिंह स्टेडियम में 6 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित 37 वें राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने वाली बिहार की सोलह सदस्सीय टीम में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की छः खिलाड़ियों का चयन किया गया है,चयनीत सभी खिलाड़ी बिहार टीम के साथ लखनऊ पहुँच चूके हैं ।रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक एवं मुख्य कोच संजय पाठक ने बताया की पूरे भारत की प्रमुख आठ टीमें भाग ले रही है जिन टीमों ने इस वर्ष सिनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आठवें स्थान तक रही थी वही भाग ले रही है ।चयनीत खिलाड़ीयों में निशा कुमारी,अंजलि कुमारी,निक्की कुमारी अंशु कुमारी,रुबी कुमारी और ज्योति कुमारी शामिल हैं ।चयनीत सभी खिलाड़ियों को हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ सिवान की महासचिव सलमा खातून,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह,आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशिभूषण सिन्हा,सचिव डॉ शरद चौधरी,डॉ सत्य प्रकाश,डॉ अशोक कुमार,डॉ रामएकबाल प्रसाद गुप्ता,डॉ रामाजी चौधरी,डॉ रीता सिन्हा,डॉ संगीता चौधरी,डॉ विनय कुमार पांडेय,डॉ आरती रानी पांडेय,डॉ शंकर सिंह ,डॉ जे एन प्रसाद,डॉ आशुतोष सिन्हा मुख्य संरक्षक डॉ आर एन ओझा,आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने बधाई एवम शुभकामनायें दी है ।

## सोनपुर विधायक ने सभी मंडल के सदस्यों के साथ की समीक्षा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर (सारण)।** सोनपुर विधान सभा के भाजपा के नव निर्वाचित विधायक विनय कुमार सिंह के साथ पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं मंडल के पूर्व अध्यक्ष के साथ सभी मंडल के सदस्यों के साथ बुथ स्तर पर शाहिल होटल एण्ड रेस्ट्रुरेंट सोनपुर में एक समीक्षा की गई. चुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ता के साथ एन डी ए गठबंधन के सहयोगी दल को आभार व्यक्त करते हुए विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा की सोनपुर की जीत आपकी जीत है, आपके परिश्रम की जीत है. सोनपुर के जनता जनार्दन ने हमे यह विकासात्मक कार्यों को लेकर जो जवाबदेही सौपी है उसे पूरा करने का काम करेंगे जो सोनपुर के विकास का एक इतिहास बनेगा। आगामी 11 दिसम्बर से सोनपुर विधान सभा के मतदाता मालिक के आभार कार्यक्रम डुमरी पंचायत माँ कालरात्री के प्रांगण से शुरु होगा. आज के समीक्षा बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृष्णा राम, जिला मंत्री राजीव कुमार सिंह,विधान सभा संयोजक मोहन शंकर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू , दीपक शर्मा, आदित्य छोटु , संजीत चौरसिया, सुनील साह, दिपक गुप्ता , पुर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंह , गोपाल सिंह , धनंजय सिंह , शशी कुमार सिंह , शिवबच्चन सिंह , विमल चौरसिया ,सुनील सिंह , युवा मोर्चा अरुण सिंह, अभिमन्यु सिंह अविनाश, आदी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित विधायक विनय कुमार सिंह को शाहील होटल के मालीक सनोज कुमार सिंह ने अंगवस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया।

# सोनपुर में अधिकारियो ने कर्मियों के साथ लोहिया स्वच्छता अभियान की समीक्षा बैठक की



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड कार्यालय के बीडीसी कार्यालय भवन में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत छपरा से आये अधिकारीयों ने स्थल निरिक्षण करने के उपरांत पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यावेक्षक,आवास सहायक साहित अन्य कर्मियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की । छपरा से आये एमएलए सलाहकार संजीव कुमार, एसएलएमडब्लू राजीव कुमार, सोनपुर प्रखंड स्वच्छता प्रभारी खुर्शीद आलम के मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई. जिसमें जिले तथा प्रखंड स्तर के अधिकारी ने अभियान की प्रगति, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गांवों के इलाकों में स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। कचरा संग्रहण की व्यवस्था को मजबूत करने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को गति देने, शौचालयों की स्थिति सुधारने, नाली सफाई को नियमित करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कई पहलें जारी हैं। अभियान के माध्यम से गांवों तथा वार्डों में कचरा प्रबंधन, शौचालय निर्माण, नाली सफाई और पेयजल व्यवस्था के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएँ।समीक्षा के दौरान यह भी तय किया गया कि स्वच्छता जागरूकता अभियान को और तेज़ किया जाएगा ताकि ग्रामीणों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने यह भी कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँचना चाहिए। इसके लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ स्थानों पर कार्य की रफ्तार धीमी है, जिनकी पहचान कर संबंधित कर्मियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान स्वच्छता कर्मियों की उपस्थिति, संसाधनों की उपलब्धता की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कहा कि अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम, रैलियाँ तथा ग्राम सभा स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएँगी ताकि स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आए। समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में निरीक्षण को और तेज किया जाएगा। अधिकारियों की टीमें गांवों, वार्डों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अंत में वरिष्ठ अधिकारी ने सभी विभाग के कर्मियों को निर्देश दिया कि लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत चल रहे सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएँ और यह सुनिश्चित किया जाए कि साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है, जिसे मिलकर आगे बढ़ाना होगा। बैठक में मौजूद रहे पंचायत सचिव अमरेश कुमार, राजेश मोदी, जावेद आलम, सरवजीत कुमार राय,विश्व मोहन भगत,राकेश कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक पंकज कुमार देवानंद कुमार बादल कुमार सिंह, दीपू कुमार राय, सोनू कुमार सिंह,अभिमन्यु कुमार गुलशन कुमार,अभिषेक कुमार, सुरतन कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सोनपुर में ऑपरेशन के बाद ईलाज में लपरवाही के दौरान महिला की हुई मौत

### आक्रोषित लोगो ने नर्सिंग होम के की तोड़भोड़

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत क्षेत्र के ए एन एम ट्रेनिंग सेंटर स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में शनिवार के सुवह नवजात बच्चे के जन्म देने के बाद अस्पताल कर्मियों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के कारण एक महिला की मौत शनिवार के हो गई। यह घटना हरिहरनाथ थाना क्षेत्र में हुई है. इस घटना के बाद मृतक महिला के ससुराल एवं मायके परिवार वालों में कोहराम मच गया. घटना के बाद लोग आक्रोशित होकर नर्सिंग होम में पहुँच कर नर्सिंग होम में रखें सभी सामान को तोड़भोड़ कर दिया। इस घटना के बाद नर्सिंग होम में अन्य भर्ती मरीज के परिजनों ने अपने अपने मरीज को ले जाकर अन्य अस्पताल में भर्ती कराया. इस घटना की सूचना मिलते ही सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन एवं हरिहरनाथ थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार एवं डीएसपी प्रतीश कुमार ने घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँच कर आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर में भेज दिया और मामले की तहकीकात में जुट गई है. मृतक महिला जूही कुमारी उम्र 25 वर्ष पति दीपक कुमार उर्फ़ धरबीर ससुर यदुवंश राय घर फकराबाद वार्ड 4 थाना सोनपुर जबकि मृतक महिला की मायके राहर दियर सोनपुर के रहने बताया जा रहा है. लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर सुनील कुमार एवं डॉ नीलम सिन्हा के निगरानी में चल रहा था. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नर्सिंग कर्मीयों के साथ जमकर मारपीट किया. घटना के बाद डॉक्टर एवं उसमें कार्यरत अन्य कर्मी मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घर के परिजनों ने बताया कि मृतक महिला जूही कुमारी अचानक प्रशव पीड़ा हुआ तो उसे शुक्रवार को भर्ती कराया गया बच्चे के जन्म देने के बाद तबीयत खराब होने लगी जहां ऑक्सीजन एवं दवाई देने के लिए घर के परिजनों ने कहा लेकिन अस्पताल के कर्मी अपने कार्य में लापरवाही बरती एवं डॉक्टर भी मरीज को देखने तक नहीं आए जिसके कारण से इतनी बड़ी घटना हुई है. इस घटना के बाद घर के परिजनों के रो -रो की बुरा हाल है। घटनास्थल पर किसी प्रकार के अप्रिय घटना पुनः न हो इसके लेकर पुलिस दिनभर कैंप कर रही थी ।

## एकमा पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एसएसपी डॉ कुमार आशीष के आदेश पर थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह के निर्देश पर स्थानीय थाना पुलिस ने लंबित वारंट के आधार पर विशेष अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र के नवतन गांव में छापामारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने फुलेना महतो के घर से उनके पुत्र हरि किशोर महतो को गिरफ्तार किया। वहीं इसी गांव में की गई एक अन्य छापामारी में लालचन्द महतो के पुत्र जय किशोर महतो को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा दोनों वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# पंचायती राज मंत्री ने सोनपुर पहुंचकर विभागीय प्रदर्शनी का किया निरीक्षण




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पंचायती राज्य व्यवस्था के सभी कार्यों को विभागीय कर्मी पारदर्शिता के साथ धरातल पर कार्य करे, किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें 32 दिनों तक लगने वाली विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में पंचायती राज विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के शनिवार को निरीक्षण के क्रम में विभागीय मंत्री दीपक प्रकाश ने सोनपुर मेले में कही। मंत्री ने लगाई गई प्रदर्शनी का बारीकी से निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को विभाग से संबंधित कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों को विभागीय नियमानुसार पारदर्शिता के साथ धरातल पर कार्य करें. किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री दीपक प्रकाश ने मीडिया से बात करते हुय उन्होंने बताया कि मै सोनपुर मेले में बराबर आया करते थे लेकिन आज मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मंत्री के रूप में पहुंचे हैं और विभाग द्वारा लगायी गयी पंचायती राज के प्रदर्शनी का निरीक्षण करने का शौभाग्य प्राप्त हुआ.उन्होंने बताया कि मेले में प्रदर्शनी लगाने का मुख्य वजह है पंचायती राज विभाग के द्वारा चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं धरातल पर चल रहे योजनाओं की जानकारी आम जनता तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचे और जनता इसका लाभ उठाएं। लगाई गई प्रदर्शनी में पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप, सामुदायिक भवन, स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुआं,नल जल, तलाब जैसे मुख्य जन कल्याणकारी योजना जो पंचायत में चलती है इसको प्रदर्शनी में दर्शाया गया है। मौके पर उपस्थित रहे पंचायती राज विभाग के अपर सचिव नजर हुसैन, शरद कुमार एस पी एम, निखिल राज, प्रभास चन्द्र झा, शन्नी कांत शर्मा, दीपक कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, श्रीमती अनीता कुमारी बीपीआरओ, जिला नोडल पदाधिकारी निशिकांत नीरज,समाजसेवी धीरज कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## दरियापुर के बेला पंचायत में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने किया निरीक्षण




**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** पंचायती राज विभाग के माननीय मंत्री दीपक प्रकाश ने रविवार को दरियापुर प्रखंड अंतर्गत बेला ग्राम पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। मंत्री ने आरटीपीएस केंद्र, ग्राम कचहरी, ग्राम पंचायत कार्यालय सहित भवन में संचालित अन्य विभागीय इकाइयों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्परता से निपटाने का आदेश दिया। इस मौके पर अपर सचिव नजर हुसैन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी शशि कुमार, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुसेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, बेला पंचायत की माननीय मुखिया, सरपंच सहित कई संबंधित कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सोनपुर मेला प्रमंडलीय कुश्ती प्रतियोगिता का पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर डाक बंगला खेल मैदान में शनिवार को अंतर प्रमंडल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अखाड़ा का विधिवत पूजन कर पहलवानों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुरू कराया। अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने कहा कि बिहार सोनपुर मेला के ऐतिहासिक परम्परा के तहत जिला प्रशासन सारण द्वारा आयोजित सोनपुर मेला आउटडोर खेल कार्यक्रम के तहत आयोजित अंतर प्रमंडल खेल को युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ साथ खेलकूद के बढ़ावा का सशक्त माध्यम है। जिसमें अनुशासन एवं आपसी भाईचारा को मजबूती मिलती है। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी , नजारत उपसमाहर्ता रवि प्रकाश , बिहार राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह , कुश्ती संयोजक विकास कुमार , संजय कुमार सिंह , अवधेश प्रसाद , गौरीशंकर जी , दीपक कुमार सिंह सहित अन्य ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । निर्णायक आशुतोष सिंह , भोरिक सिंह यादव कैमूर , प्रिंस पांडेय , विजय कुमार पटना , संजीव झा समस्तीपुर जबकि तकनीकी पदाधिकारी के रूप में सुजीत कुमार , सुशील कुमार सिंह , शिवानी सिंह, यशपाल कुमार सिंह , विनय पंडित , प्रमोद कुमार , रूपनारायण जी, सुनील कुमार सिंह , किशोर कुणाल , अमित गिरि , कुमार कौशलेंद्र , मधुसूदन कुमार, खुर्शीद आलम, अकमल अजादानी सहित अन्य थे। देर शाम तक तीन आयु वर्ग में हुए रोमांचक कुश्ती में बिहार केशरी 80 किलो ग्राम के लिए अजय यादव रोहतास , जफरुल्ला आलम बेतिया सेमीफाइनल में पहुंचे। वही बिहार कुमार के लिए 66 से 79 किलो में सचिन कुमार पटना , युवराज यादव समस्तीपुर , गोपाल यादव नवादा एवं ओमप्रकाश यादव गोपालगंज सेमीफाइनल में पहुंचे। जबकि बिहार किशोर के लिए 65 किलो वजन से नीचे आयु वर्ग में सुमंत कुमार बेतिया , राममूर्ति मोतिहारी, राहुल यादव सारण एवं मुलायम कैमूर सेमीफाइनल में पहुंचे। प्रतियोगिता में सभी प्रमंडल के लगभग एक सौ पहलवानों ने भाग लिया।

## डॉ हंस बने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डिप्टी प्रॉक्टर

### टीपीएस कॉलेज, पटना के भौतिकी के सहायक

**दैनिक खोज खबर/पटना।** प्राध्यापक डॉ हंस कुमार सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के डिप्टी प्रॉक्टर बनाया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अबु बाकर रिजवी द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिसके आलोक में डॉ हंस ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि डॉ हंस कुमार सिंह सारण जिला के बनियापुर प्रखंड के उस्ती गांव के मूल निवासी है। उनके उप कुलानुशासक बनाये जाने पर गंगा सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रमेन्द्र रंजन सिंह, राजेन्द्र कॉलेज भौतिकी के प्राध्यापक डॉ सुनील प्रसाद, डॉ ब्रजकिशोर कुमार, डॉ राकेश शर्मा, डॉ राहुल कुमार आदि ने बधाई दी है।



## दवा का पैसा मांगने पर दुकानदार को मारपीट कर किया घायल

**पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के महम्मदपुर बाजार स्थित एक दवा दुकानदार को दवा का पैसा मांगना भारी पर गया. इस बात से नाराज कुछ युवकों ने शनिवार को दुकान में तोड़फोड़ की एवं दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची एवं जख्मी दुकानदार को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लायी. इस मामले में पीड़ित दुकानदार महम्मदपुर गांव निवासी छठू कुमार साह ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है जिसमें सलेमपुर गांव निवासी रोहित कुमार सहित अन्य को आरोपित किया है. पुलिस को दिए आवेदन में उसने कहा है कि एक दिसंबर को सलेमपुर गांव के रोहित कुमार आये एवं बुखार का दवा लिए. दवा का पैसा मांगने पर गालीगलौज करने लगे. उस वक्त वे नशे में थे इसकारण मै चुप रह गया. इस बात से नाराज रोहित कुमार शुक्रवार को अपने सहयोगियों के साथ पहुँचे थे. मामला बढ़ता देख मेरे पिताजी ने उनलोगो से माफी भी मांग ली थी लेकिन शनिवार की सुबह एक बार फिर वे आठ दस सहयोगियों के साथ पहुँचे एवं दुकान में तोड़फोड़ की एवं मुझे मारपीट कर घायल कर दिया.इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले कि छानबीन की जा रही है.

## साइबर क्राइम से बचने के लिए कोपा थाना अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** कोपा थाना के तत्वावधान मे ÷ नो योर पुलिस÷ कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरिया हसुलाही मे जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे कोपा थानाध्यक्ष पिंटू कुमार ने बच्चों को बिहार में हो रहे मोबाइल फोन और व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से साइबर ठगी, छोटे बच्चों में नशे का दुष्प्रभाव, मोबाइल की लत, और रेस ड्राइविंग , यातायात नियमों के बारे में एवं पुलिस के विरुद्ध बन रही नकारात्मक छवि के बारे में बताया व बच्चों को जागरूक किया । उन्होंने छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया। पुलिस को अपना मित्र समझकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर एच एम सुरेश सिंह, त्रयंबकम पांडेय,अर्चना कुमारी सहित सभी शिक्षक व कोपा थाने के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## अलाव की चिंगारी से झोपड़ीनुमा घर में लगी आग, हज़ारों की क्षति

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के खराटी गांव में शुक्रवार कि रात्रि में एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। जिससे घर में रखे गए कपड़ा, बर्तन, अनाज समेत आवश्यक सामान जलकर राख हो गए। बताया जाता हैं कि ठंड को लेकर लोग अलाव जलाए हुए थे और लोग अलाव बुझाकर सोने चले गए थे। इसी दौरान अलाव से चिंगारी शुरू हो गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया एवं आग बढ़ते हुए झोपड़ी को अपने आघोस में ले लिया। जिससे झोपड़ी में रखे गए सारा सामान जलकर राख हो गया। इस आगलगी कि घटना में कपड़ा, बर्तन, अनाज, समेत दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं नष्ट हो गई। पीड़ित गृहस्वामी उक्त गांव निवासी रामावतार राउत बताए गए है। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता और मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी झोपड़ी जलकर राख हो चुकी थी। इस अगलगी की घटना में पीड़ित गृहस्वामी को हजारों की क्षति हुई है। सूचना मिलते ही शनिवार सुबह अंचल कार्यालय से राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्र घटनास्थल पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का आंकलन किया। अग्नि पीड़ित रामावतार राउत ने स्थानीय प्रशासन से सरकारी मुआवजे की मांग की है और तत्काल राहत देने की अपील की है।

## किसी भी समस्या के लिए मैं आपका सेवक बनाकर खड़ा हूं : मंडल पांडेय



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** वास्थ्य सह विधि मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने शनिवार को विधानसभा के ओरमा, महुआरी, पुरैना बासोपाली सहित दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगों को धन्यवाद दिया। इस दौरान कहा कि आपके बहुमूल्य मत के वजह से आज बिहार में एनडीए की सरकार दोबारा बनी है। मैं आशा और विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी समस्या के लिए मैं आपका सेवक बनाकर खड़ा हूं। आप सभी ने जिला की आठ विधानसभा में सात में एनडीए को प्रचंड जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को चुना है। आप सभी ने जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान के हाथों को मजबूत किया है। सरकार विशेष तौर पर उद्योग लगाने के लिए दृढ़ संकल्पित है आने वाले दिनों में बिहार में लगभग सभी जिलों में उद्योग लगाने की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, नंद प्रसाद चौहान, संजय पांडेय, मुकेश कुमार बंटी, शैलेंद्र सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन में खुलेगा 33/11 केवी पीएसएस

**सिवान।** शहर के पुलिस लाइन में 33/11 केवी पीएसएस खुलेगा। जिसकी आधारशीला शनिवार को विद्युत कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार ने किया। इसमें दस-दस एमबीए का दो पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाऐंगे। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि प्रत्येक साल बिजली की मांग बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में शहर में एक अतिरिक्त पावर सब स्टेशन की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि इस नए पीएसएस के निर्माण से शहर व इसके आसपास के मोहल्लों में विद्युत किल्लत की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही लो वोल्टेज व ट्रीपिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी, लाइन मेंटनेंस में भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में लोड अधिक बढ़ने से लोगों को परेशानी होती थी। पीएसएस का निर्माण अमर राजा कंपनी करेगी। हास्पिटल मोड़ से 33 हजार वोल्ट का तार लाया जाएगा। शुभारंभ के मौके पर सिविल व एसटीएफ के सहायक अभियंता विपिन कुमार रजक, जेई रोहित कुमार, लाइनमैन संजीव कुमार सिंह, एकाउंड असिस्टेंट सुनील कुमार समेत अमर राजा कंपनी के अभियंता अंकित शर्मा, पीएमए रितेश कुमार व ऋषिकेश समेत कई लोग थे।

# जेपीयू में खगोल एवं खगोल भौतिकी पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग, जयप्रकाश विश्वविद्यालय तथा इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिज़िक्स पुणे के संयुक्त तत्वावधान में 5 और 6 दिसंबर को इंट्रोडक्ट्री वर्कशॉप ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिज़िक्स÷ का सफल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. बाजपेयी एवं आई यू सी ए ए के मुख्य अतिथि प्रो. गुलाब चंद देवांगन तथा विभागाध्यक्ष प्रो गुण सागर यादव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डीन साइंस, अनुसंधान एवं विकास परिषद के निदेशक,आई क्यू ए सी के निदेशक, डीएसडब्ल्यू , रजिस्ट्रार डॉ नारायण दास , विभिन्न विभागों के अध्यक्ष और प्राध्यापक एवं विश्वविद्यालय के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र का संचालन कार्यशाला की संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता कुमारी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. गुणसागर यादव के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। उद्घाटन भाषण में कुलपति प्रो. बाजपेयी ने कहा कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय वैज्ञानिक शोध और नवाचार की दिशा में कई नए कदम उठा रहा है। खगोल एवं खगोल भौतिकी जैसे उन्नत क्षेत्रों में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाना आज की आवश्यकता है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ बिहार के प्रतिभाशाली छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध के लिए तैयार करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी।कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. बाजपेयी ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र एवं शिक्षक जो खगोल एवं खगोल भौतिकी मे शोध के इच्छुक है वो आई यू सी ए ए पुणे की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकते हैं तथा वहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है । इससे हमारे विद्यार्थी उच्चस्तरीय खगोलीय शोध से परिचित होंगे और शिक्षकों को भी अत्याधुनिक शोध-संरचना का अनुभव प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि प्रो. गुलाब चंद देवांगन ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आई यू सी ए ए , जय प्रकाश विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को समय समय पर मार्गदर्शन करने के लिए तैयार है। संस्थान का उद्देश्य ही युवा प्रतिभाओं को सर्वोत्तम वातावरण प्रदान कर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। मुख्य अतिथि प्रो. गुलाब देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि आई यू सी ए ए का उद्देश्य पूरे देश में खगोल विज्ञान के प्रति अकादमिक वातावरण तैयार करना और युवाओं में वैज्ञानिक चेतना को विकसित करना है। बिहार में अपार प्रतिभा है यदि सही दिशा व अवसर प्रदान किए जाएँ, तो यहाँ के युवा अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल भौतिकी में विश्वस्तरीय योगदान दे सकते हैं। यह कार्यशाला विद्यार्थियों में शोध-रुचि विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में प्रोफेसर प्रो. गुलाब चंद देवांगन, पटना विश्वविद्यालय के डॉ. संजय कुमार, मगध महिला कॉलेज की डॉ. प्रीति मिश्रा, जेपीयू के डॉ. आलोक रंजन तिवारी एवं कमला राय कॉलेज, गोपालगंज की डॉ कविता कुमारी ने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

दो दिनों में खगोल एवं खगोल भौतिकी के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने कहा कि इस कार्यक्रम ने खगोल विज्ञान की समझ को व्यवहारिक एवं शोध आधारित दृष्टिकोण से विस्तारित किया। प्रमाण-पत्रों के वितरण के साथ कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विद्याधर सिंह, डॉ. होशियार सिंह मूंड एवं डॉ. आलोक रंजन तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही विभाग के शोधार्थियों एवं पी.जी. विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अत्यंत सराहनीय मेहनत और सहयोग दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष ने सभी के योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'नो योर पुलिस' कार्यक्रम के तहत थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक व प्रोत्साहित



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** समाज के तत्कालिक परिवेश में उत्पन्न हो रहीं समाजिक कुरीतियों और आम जनता के बीच पुलिस की नकारात्मक छवि को दुर करने के उदेश्य से पुलिस ने शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साईबर सुरक्षा,यातायात नियम,नशा के दुष्प्रभाव एवं पुलिस की उपलब्धियों से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया है. इस अभियान के तहत शनिवार को रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने रसूलपुर चट्टी स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में नो योर पुलिस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक कराया और समाज में सुरक्षा के प्रति पुलिस के कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा किया. इस दौरान थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने तत्कालीन परिवेश में हो रही कुरीतियों नशापान ,साईबर ठगी,रेस ड्राइविंग,महिला सुरक्षा एवं पुलिस की नकारात्मक छवि को दुर करने के संबंध में जागरूकता पैदा करना और इससे लाभ-हानि से अवगत कराया. इस दौरान थानाध्यक्ष ने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कलम व कॉपी देकर प्रोत्साहित किया. मौके पर एकमा सर्किल इंस्पेक्टर बीके सिंह, सब इंस्पेक्टर स्मृति प्रिया समेत विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं.

# तरैया में सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर

### जेसीबी से तोड़कर सड़क किनारे से हटाए गए अवैध अतिक्रमण



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार पर शनिवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह और तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में सड़क किनारे और सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटाया गया। अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए कर्कट शेड, गुमटी, ठेले और अस्थाई व कुछ पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए, जिससे सड़कें चौड़ी और सुगम हुई। तरैया-मुरलीपुर नहर से लेकर सोना मार्केट तक सड़क के पश्चिम दिशा में हुए अवैध अतिक्रमण को अंचलाधिकारी ने जेसीबी से तोड़वा कर हटवाया। तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तरैया बाजार के विभिन्न सड़कों पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। पूर्व में अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन दुकानदार पुनः अतिक्रमण कर सड़कों को सक्रिन कर लिया गया था। जिसको लेकर उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन पूर्व माइकिंग कर सभी अतिक्रमणकारियों से स्वेच्छा पूर्वक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। चेतावनी के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर आज प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई की गई। अभियान में एसएच-73 मुख्य सड़क पर तरैया-मढ़ौरा मुख्य सड़क, तरैया-मसरख मुख्य सड़क, एवं एसएच-104 मुख्य तरैया-अमनौर रोड और भूतनाथ चौक से देवरिया हाई स्कूल रोड तक बने अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। वहीं अभियान के बाद बाजार की सड़कें थोड़ी चौड़ी और सुगम दिखाई देने लगी हैं। हालांकि, कुछ प्रभावित दुकानदारों ने प्रशासन की कार्रवाई का विरोध भी किया। जिन्हें सख्ती से निपटा गया। सीओं पंकज कुमार ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं अभियान के दौरान थानाध्यक्ष धीरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष, एसआई अप्पू कुमार, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्र, सीआई गगन कुमार, अंचल कर्मी संजय कुमार समेत भारी संख्या में जिला से आए महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात थे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में मढ़ौरा नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मढ़ौरा काफी संख्या में युवा छात्र अम्बेडकर पार्क पहुंचे और बाबा सहेब को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए, अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान सभी ने कहा कि बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाने से अधिक महत्वपूर्ण बाबा साहेब को पढ़ना और उन्हे जानना है। बाबा साहेब की सोच उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। बाबा साहेब किताबों में है इसलिए सभी को पढ़ाई पर ध्यान देने की जरुरत है। बाबा साहब ने स्वयं भी कहा था कि सभी को पढ़ने लिखने की जरुरत है सभी के लिए तथ्य को सभी को समझने की जरुरत है। तभी समाज में समतामूलक समाज के निर्माण के साथ-साथ वंचित तबके के लोगों को मुख्य धारा में सकता है। बाबा साहेब चाहते थे जो व्यक्ति पढ़ लिख गए हैं वह व्यक्ति समाज की बेहतरी में अपना योगदान दे। जिससे कि वंचित लोगों में शिक्षा के अलख को जगाया जा सके। इस अवसर पर वीर आदित्य, अमीत मेहरा, अधिवक्ता नागेन्द्र प्रसाद, अभिमन्यु कुमार, अजय कुमार, अर्जुन राम सहित एचएन राम लाइब्रेरी के दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## नगरा थाना में नये थानाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** नगरा थाना में नये थानाध्यक्ष के रूप में निर्भय कुमार ने शनिवार को योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थानाध्यक्ष ने थाना में पूर्व से कार्यरत पुलिस पदाधिकारी व अन्य पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में जनता की विश्वास पर वह खड़े उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था बहाल रहे यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नये थानाध्यक्ष निर्भय कुमार इसके पूर्व सारण जिले के भेल्दी थाना के थानाध्यक्ष थे। सारण जिलेभर में वो सबसे तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारी के तौर पर जाने जाते हैं। हालांकि नगरा थाना क्षेत्र में बालू का अवैध खनन पर अंकुश लगाना, शराब बिक्री पर अंकुश लगाना, सड़क जाम और अपराध की घटनाओं को रोकना नये थानाध्यक्ष के लिये चुनौतीपूर्ण होगी।



## मशरक से अल्पसंख्यक शिष्टमंडल ने कल्याण मंत्री से मुलाकात की



**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक प्रखंड से पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन के नेतृत्व एक शिष्टमंडल ने पटना में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से मुलाकात की। शिष्टमंडल में प्रोफेसर सेराजुद्दीन,आसिफ रजा समेत अन्य मौजूद रहें। पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने बताया कि प्रखंड में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से चल रही योजनाओं के बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने को लेकर चर्चा की गयी। शिष्टमंडल ने बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के कार्यालय परिसर में पहुंच उनसे मुलाकात की और बनियापुर विधानसभा के मशरक प्रखंड के क्षेत्रों में विकास की योजनाओं के लिए मांग पत्र सौंपा। मांझी विधायक रणधीर सिंह से भी मुलाकात कर विकास पर चर्चा की गई।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सांसद ने किया निरीक्षण, नये भवन निर्माण की मांग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बराहिमपुर गांव में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में कमरें की कमी को लेकर नये भवन निर्माण की मांग की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह, भाजपा जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा,मंडल उपाध्यक्ष संजय तिवारी, कृष्णा तिवारी, चंदन सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णा तिवारी के पिता के श्राद्ध कर्म में पहुंचे सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने विधालय का निरीक्षण किया उसी दौरान नये भवन की मांग की गयी। ग्रामीणों की मांग को लेकर शिक्षा विभाग के सारण डीपीओ से फोन पर बात कर योजना की रिपोर्ट बनाने की मांग की।



## महाराजगंज नगर पंचायत में जगह-जगह कूड़े- कचरे के अंबार से परेशानी

**महाराजगंज (सिवान)** महाराजगंज नगर पंचायत में आजतक कूड़े कचरे के निस्तारण के लिए जमीन की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे शहर में जगह-जगह कूड़े-कचरे का अंबार लगा रहता है। शहर के फुलेना बलिदान स्मारक, मोहन बाजार स्थित आइडीबीआइ बैंक, कर्पूरी पथ में कूड़े- कचरे का अंबार लगा रहता है। साथ ही कुछ अन्य जगह पर भी ऐसा ही स्थिति है। इससे लोगों को परेशानी होती है। इसके प्रति विभाग के पदाधिकारी उदासीन हैं।

## जनता दरबार में मामलों का निपटारा

**गोरेयाकोठी (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में सीओ कृष्ण कुमार सौरभ के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीओ ने बताया कि नया एक व पुराने छह मामलों की सुनवाई हुई। एक मामले का निष्पादन किया गया। वहीं शेष छह में अगली तारीख दी गई। वहीं लकड़ी नबीगंज में प्रभारी सीओ कृष्ण कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन हुआ। नए एक मामले सहित दो मामलों में सुनवाई की गई। जामो थाने से संबंधित एक मामले में आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान दोनों जगहों पर संबंधित पुलिस अधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## 52 हजार 440 रुपये की बिजली चोरी मामले में दो पर प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के सरेयां निवासी विनोद कुमार यादव एवं बघौनी निवासी राजपुरुष साह के विरुद्ध कनीय अभियंता इंद्रजीत सिंह ने 52 हजार 440 रुपये की अवैध रूप से बिजली चोरी करने की प्राथमिकी कराई है। उन्होंने तीन दिसंबर को थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि जांच के दौरान पाया गया कि विनोद कुमार यादव एवं राजपुरुष साह द्वारा अवैध तरीके से बिजली जलाई जा रही है। इसमें विनोद कुमार यादव के द्वारा 9408 रुपये एवं राजपुरुष साह के द्वारा 17785 रुपये पूर्व का बकाया एवं 24851 रुपये की अवैध बिजली चोरी का मामला शामिल है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि दोनों नामजदों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## शराब तस्करी के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)** स्थानीय थाना की पुलिस ने शुक्रवार को हुलेसरा गांव में छापेमारी कर शराब तस्कर मामले में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान हुलेसरा निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। पुलिस शनिवार को उसे जेल भेज दिया।

## सीवान : समारोहपूर्वक मना गृह रक्षा वाहिनी का 79वां स्थापना दिवस




**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी का 79वां स्थापना दिवस शनिवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। शनिवार की सुबह झंडोत्तोलन कर निरीक्षक पवन कुमार मिश्र व गृहरक्षा वाहिनी के जवानों ने सलामी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरीक्षक ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि गृह रक्षा वाहिनी संगठन के सदस्य अल्प संसाधनों का उपयोग करते हुए विधि व्यवस्था संधारण, सामाजिक सद्भाव, एवं सुव्यवस्था कायम रखने में पुलिस बल के साथ कंधा से कंधा मिलाकर अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं, साथ ही अग्निशमन एवं बाढ़ सुरक्षा जैसे आपदा प्रबंधन के अपने कर्तव्यों को पूरा करते हैं। निर्वाचन के समय शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान संपन्न कराने में भी गृह रक्षा वाहिनी ने हमेशा सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान होमगार्ड जवानों ने पिछले एक साल के दौरान ड्यूटी की जिम्मेवारी निभाते हुए बलिदानी साथियों को श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस पर जुटे होमगार्ड के जवानों ने ड्यूटी में त्याग और बलिदान को पहली प्राथमिकता देते हुए सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर दिनेश सिंह, विक्रमा सिंह, दिलनवाज अहमद, हरेराम प्रसाद, अंबिका पड़ित, बिहार रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव, सचिव रमेश कुमार सिंह, सहित दर्जनों गृहरक्षक मौजूद रहे।

## सीवान : आपरेशन अमानत के तहत बैग बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत एक यात्री का बैग बरामद कर उसे सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को सउनि सुरेश कुमार यादव पाली प्रभारी ड्यूटी पर तैनात थे, तभी सूचना के आधार पर एक ग्रीन कलर का बैग जो गाड़ी संख्या 02564 के एसी कोच एम-टू के बर्थ संख्या 75 सीट के नीचे एक यात्री का छूट गया है। जिसे आन ड्यूटी स्टाफ कांस्टेबल उपेंद्र कुमार सिंह को बताया गया। उक्त कांस्टेबल द्वारा गाड़ी को अटेंड कर उक्त सामान प्राप्त कर पोस्ट को सुपुर्द किए। जिसकी सूचना ड्यूटीरत कंट्रोल स्टाफ को नोट कराई गई। बैग के स्वामी रामप्रवेश सिंह यात्री का टिकट व आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पोस्ट पर उपस्थित हुए। सही पाए जाने के उपरांत ठीक ठीक सुपुर्द किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत पांच हजार रुपया है।

## आज दिल्ली में होगा विद्या भारती विद्यालयों के पूर्व छात्रों का संगम

**सिवान ।** महावीरी विद्यालय सहित बिहार-झारखंड के सभी विद्या भारती विद्यालयों में पढ़ाई पूरी कर चुके तथा वर्तमान में रोजगार अथवा उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली-एनसीआर में रह रहे पूर्व छात्रों का भव्य स्नेह मिलन समारोह ÷विद्या भारती पूर्व छात्र संगमङ्क2025÷ रविवार को नई दिल्ली के जनपथ स्थित डा. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद्, उत्तर बिहार प्रांत के सह संयोजक एवं दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने बताया कि इस आयोजन में सिवान महावीरी विद्यालय के करीब दो सौ पूर्व छात्र-छात्राएं सहित उत्तर बिहार प्रांत से लगभग एक हजार पूर्व छात्र भैया बहनें शामिल होने जा रहे हैं। विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय मीडिया समन्वयक नवीन सिंह परमार ने बताया कि यह संगम केवल पूर्व छात्रों का भावनात्मक मिलन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध को पुनर्जीवित करने वाला महत्वपूर्ण अवसर है।

# बसंतपुर : हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार, पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार बदमाश सारण जिला के जनता बाजार थाना क्षेत्र के चकदेह निवासी अंजय कुमार है। इसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल व एक गोली को बरामद किया है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शनिवार को बसंतपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थानांतर्गत ग्राम बिठुना हाई स्कूल पोखरा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बसंतपुर थाना पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थल पहुंच कर



छापेमारी की गई जहां संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, इस दौरान पुलिस बल की मदद से उसे पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में एक देसी पिस्टल एवं एक कारतूस जब्त कर अभियुक्त अंजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बसंतपुर थाना अन्तर्गत धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार बदमाश को पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया गया।

## 18 तक सिवान होकर नहीं गुजरेगी लच्छवी एक्सप्रेस,कई गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना के विकास के क्रम में वाराणसी मंडल के मऊ-पिपरी डीह-दुल्लहपुर एवं मऊ-खुरहट के मध्य 16 दिसंबर तक पैच डबलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलाक एवं नान इंटरलाक कार्य तथा 17 एवं 18 दिसंबर को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन तथा पुनिर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जाएगा। इस कार्य के पूरा हो जाने से लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा तथा जनांकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मार्ग परिवर्तन में सीतामढ़ी से छह से 18 दिसंबर तक चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनंद बिहार टर्मिनल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-सिवान-मऊ-औडिहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-औड़िहार-वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 16 दिसंबर को चलने वाली 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जौनपुर-शाहगंज-मऊ-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जौनपुर-औड़िहार-गाजीपुर सिटी-बलिया के रास्ते चलाई जाएगी। अमृतसर से 12 दिसंबर को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग लखनऊ-शाहगंज-मऊ-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लखनऊ-गोंडा-गोरखपुर-सिवान -छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव शाहगंज, फेफना, बलिया, सहतवार, बकुलहा स्टेशनों पर नहीं दिया जाएगा। छपरा से 13 दिसंबर को चलने वाली 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ-शाहगंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बलिया-गाजीपुर सिटी-औड़िहार-जौनपुर के रास्ते चलाई जाएगी। आनंद बिहार टर्मिनल से 16 दिसंबर को चलने वाली 14006 आनंद बिहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग औड़िहार-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औड़िहार-गाजीपुर सिटी-बलिया-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।

